# निर्बाध और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें अधिकारी : डॉ. मंजू

- आरयूआईडीपी की सिटी लेवल कमेटी की बैठक में जिला कलेक्टर ने ये निर्देश दिए
- सीवरेज और पेयजल सप्लाई तंत्र विकसित करने के लिये प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई

गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने आरयूआईडीपी की सिटी लेवल कमेटी की बैठक को संबोधित किया।

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। श्रीगंगानगर शहर में तृतीय चरण की परियोजना के अंतर्गत सीवरेज और पेयजल सप्लाई तंत्र विकसित करने के लिये प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

इस दौरान गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी भी मौजूद रहे। बैठक में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर और विधायक ने कहा कि निर्बाध और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिये समस्त विभागीय अधिकारी समन्वय से कार्य करें। बैठक में आरयूआईडीपी द्वारा सीवरेज और पेयजल सप्लाई तंत्र विकसित करने के लिये प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण किये जाये। इन कार्यों में गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाये। आमजन को परेशानी न हो, इसलिये आरयूआईडीपी द्वारा संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य किये जाये।

आरयूआईडीपी द्वारा अब तक करवाये गये कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जहां समस्या है, वहां मौका मुआयना कर अधिकारी जल्द निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में सीवरेज कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि संबंधित एजेंसी उक्त कार्य की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। एसटीपी का निर्माण करने वाली संबंधित फर्म द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता नियमित रूप से जांची जाये। सीवरेज घरेलू कनेक्शन कार्य पर भी चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण हों, इसके लिये प्रभावी व्यवस्था बनाई जाये। अब तक हुए सीवरेज कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि नियमित रूप से आरयूआईडीपी द्वारा संबंधित विभागों के साथ बैठक कर चर्चा की जाये। आरयूआईडीपी द्वारा नया कार्य शुरू करने से पूर्व नगर विकास न्यास, नगर परिषद, जलदाय, पीडब्लयूडी सहित अन्य विभागों से चर्चा करें ताकि अनावश्यक रूप से सड़कें क्षतिग्रस्त न हो। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत भी की जाये। विधायक बिहाणी ने कहा कि गंगानगर एसडीएम के नेतृत्व में कमेटी आरयूआईडीपी द्वारा करवाये गये कार्यों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति को लेकर आमजन की समस्याओं का जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। आरयूआईडीपी के साथ-साथ जलदाय विभाग के अधिकारी भी वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर निर्बाध और नियमित पेयजल आपूर्ति के लिये प्रयास करें। आवश्यकता होने पर टैंकर्स के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने नगर विकास न्यास और नगर परिषद द्वारा बनाई सड़कों की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने के लिये कहा।

बैठक में आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता दीपक मांडन ने कहा कि संबंधित कार्यों को जल्द पूर्ण किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएम सतर्कता रीना, एसडीएम गंगानगर रणजीत कुमार, एसई पीएचईडी विजय कुमार शर्मा, मोहनलाल अरोड़ा, मोनिन्दर सिंह, भीमसेन स्वामी, नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र कुमार यादव, मंगत सेतिया, नगर विकास न्यास से सुरेन्द्र पूनिया, मनीष बिश्नोई सहित अन्य मौजूद थे।

## 'गीतों भरी शाम' कार्यक्रम आज

**बीकानेर,** (कासं)। सुर सरगम और संगीत कार्यक्रम के समन्वयक रवि भल्ला ने बताया कि 24 मई को नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम बीकानेर में आयोजित होने वाले संगीत कार्यक्रम 'गीतों भरी शाम' के लिए संगीत प्रेमियों के बीच नई उत्सुकता और चर्चा का माहौल बन गया है।

सुर सरगम और संगीत, बीकानेर द्वारा शनिवार को नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम बीकानेर में सायं 4:00 से 9:15 बजे तक एकल एवं युगल गीतों का सभी गायकों के आपसी सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मंच संचालन रवि भल्ला करेंगे। प्रसिद्ध गायक सुशील दम्मानी इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे। अपनी मधुर आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए जाने-जाने वाले श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम में स्थानीय गायकों की महत्वपूर्ण भागीदारी होगी। सुशील दम्मानी, रवि भल्ला, प्रवीण शर्मा, नीरज स्वामी, नारायण बिहानी, अरूण कुमार पांडे, मधु पांडे, कमलकांत सोनी, राजीव मित्तल, अशोक डुमरा, यशपाल नागपाल, राजेन्द्र बोथरा, दीपक खत्री, कैलाश खत्री, अशोक जसमतिया , पवन कुमार चड्ढा, नरेन्द्र राजपुरोहित, अरविंद गौड, संजीव ऐरन, रामकिशोर यादव, अयोध्या प्रसाद शर्मा, संजय मोदी एवं प्रीति बेहतरीन गाने प्रस्तुत करेंगे। दिल्ली से आ रही रश्मि शर्मा अपनी एकल एवं स्थानीय कलाकार प्रवीण शर्मा के साथ युगल प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भी रोचक बनायेंगे।

## सार-समाचार

### युवाओं ने सीखे योग-प्राणायाम

एम.एम ग्राउंड में योग शिविर में बच्चों व युवाओं ने योग-प्राणायाम सीखा।

**बीकानेर,** (कासं)। पतंजलि योग समिति युवा भारत के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश में एम.एम ग्राउंड बीकानेर सभी वर्ग के विद्यार्थियों व बालक-बालिकाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क योग एवं खेलकूद संस्कार शिविर में आज बड़ी संख्या में बच्चों व युवाओं ने भाग लिया। प्रात: 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों व युवाओं को योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम तथा अध्यात्म से संबंधित श्लोकों का अभ्यास कराया गया। शिविर संयोजक नंदकिशोर गहलोत के अनुसार यह शिविर बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के उद्देश्य से 25 जून तक नियमित रूप से एम.एम ग्राउंड में संचालित होगा। आज शिविर में जयश्री रंगा, शोभा कच्छावा, खुशी सांखला, विजय किराड़ू, विकास जोशी,अनिकेत उपाध्याय, गुड्डू देवी, योगिता, तुलसी, डिंपल सहित कई समर्पित कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर में शिक्षा,स्वास्थ्य एवं संस्कार पर आधारित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। जिससे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास तथा सांस्कृतिक मूल्यों का भी विकास हो रहा है।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन के सेक्टर नम्बर छह में घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात जना चोरी कर ले गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया की यह वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गई। इस संबंध में जंक्शन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस फिलहाल मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक करके अज्ञात चोर की तलाश करेगी। पुलिस के अनुसार विशम्बर लाल राय (63) पुत्र सोहनसिंह रायसिख निवासी सी-204, सेक्टर नम्बर 6, गली नम्बर 7, नजदीक चूना फाटक, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने शाम करीब 6.15 बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एससी 7996 घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की थी। रात 8 बजे बाहर आया तो बाइक गायब थी। उसने इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक की चोरी कर ले गया। बाइक की मूल आरसी, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र मोटर साइकिल के टूल बॉक्स में रखे हुए थे। जो बाइक के साथ ही चोरी हो गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश एएसआई सुभाष चन्द्र के सुपुर्द की गई है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के श्रीकरणपुर रेलवे स्टेशन के पास बीती रात युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। शव क्षत-विक्षत हालत में था। पुलिस को आशंका है कि युवक की मौत ट्रेन से कटने से हुई। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान शव के पास एक मोटरसाइकिल मिली। इसी के आधार पर युवक की पहचान की गई। मृतक की शिनाख्त श्रीकरणपुर के गांव 32 एच निवासी गगन नायक के रूप में हुई है। शव के पास से एक मोबाइल फोन और शराब की बोतल भी मिली है। शव को श्रीकरणपुर के राजकीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा। यह भी जांच की जा रही है कि मृतक किसी मानसिक तनाव में था या नहीं। लोगों का कहना है कि यह इलाका सुनसान रहता है, जहां नशेड़ी और असामाजिक तत्वों की आवाजाही रहती है। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है और मामले की जांच जारी है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसएचओ ईश्वर प्रसाद जांगिड़ के अनुसार पीडिता ने 25 अप्रैल 2025 को मामला दर्ज करवाया। आरोपी सुनील सिंह (28) पीडिता का पुराना जानकार था। आरोपी की पत्नी की मृत्यु के बाद वह सहानुभूति के बहाने पीड़िता के घर आने-जाने लगा। आरोपी ने चोरी-छिपे उसकी फोटो खींच ली। इन तस्वीरों को अश्लील फोटो के साथ एडिट कर उसे ब्लैकमेल करने लगा। एक दिन महिला को अकेला पाकर धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो भेजता रहा।

# पुरानी रंजिश में घर में घुसकर कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला

- कुल्हाड़ी और लाठी से किया वार, गृहस्वामी के सिर और हाथ में गंभीर चोट आई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। यहां पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से लैस होकर घर में घुसने, मारपीट कर चोटें मारने व वाहन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक व्यक्ति ने अपने पड़ौसियों वगैराह के खिलाफ नोहर पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार लालचन्द (45) पुत्र लादूराम नायक निवासी वार्ड 10, गांव मेघाना तहसील नोहर ने रिपोर्ट के जरिए मुकदमा दर्ज करवाया कि 13 मई को दिन में बलवंत पुत्र बीरबल राम, गुड्डी देवी पत्नी बीरबल राम, मुन्नी पत्नी बलवंत, पवन पुत्र कालूराम, सुभाष पुत्र बीरबल राम, कालूराम पुत्र बीरबल राम एक राय होकर हाथों में कुल्हाड़ी-डण्डे लेकर उसके घर आये। आते ही उसके पुत्र सुरेश कुमार के साथ मारपीट करने लगे। इससे सुरेश की गर्दन, कमर व बाएं पैर पर जगह-जगह गम्भीर चोटें आई। मौके पर मौजूद किरण पत्नी कालूराम निवासी रेवासी ने बीच-बचाव कर सुरेश कुमार को इन लोगों के चंगुल से छुड़वाया। उसी दिन शाम करीबन 7.15 बजे कुंजी निवासी दयाराम धानक उसके पुत्र नरेश व भतीजे रमन को भादरा से मजदूरी करने के बाद उसके घर छोड़ने आया तो पूर्व नियोजित षडयंत्र के मुताबिक तैयारी के साथ उसके पड़ौसी बलवंत, पवन, मालाराम पुत्र शंकर लाल, कालूराम, सुभाष का साला सुरेश व राकेश निवासी रामगढ़िया व एक अन्य लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी आदि से लैस होकर उनके घर में घुसे व उसके साथ मारपीट कर चोटें मारी। उसके बाएं पैर की नली पर सुभाष ने कुल्हाड़ी से वार कर चोट मारी। कालूराम ने डण्डा मारा जो बाएं हाथ की हथेली पर लगा। इससे उसका बायां हाथ टूट गया। पवन व मालाराम ने ईंट-खोरे फेंके जो उसकी छाती पर लगे। सुभाष ने जान से मारने के लिए उसके सिर में कुल्हाड़ी से वार किया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। सुभाष ने उसके चेहरे पर, बाई आंख पर कुल्हाड़ी से वार कर चोट मारी। घटना के दौरान सुरेश व राकेश ने डंडे मारकर व ईंट-खोरे फेंककर कार को पूर्णतया क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे कार का करीब 2 लाख रुपए का नुकसान हो गया। चोट लगने पर परिजनों ने उसे नोहर के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (राजस्थान उच्च न्यायालय) जयपुर के निर्देशानुसार 10 मई को अपरिहार्य कारणों से स्थगित राष्ट्रीय लोक अदालत अब 24 मई को प्रात:10 से सायं 5 बजे तक आयोजित की जायेगा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सैना ने बताया कि जिला मुख्यालय सहित तालुका विधिक सेवा समितियों नोखा, श्रीडूंगरगढ, कोलायत, लूणकरनसर, खाजूवाला मुख्यालय एवं छतरगढ़ में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने बताया कि अदालत में बैक, वित्तीय, संस्थानों, बिजली विभागों के प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य, राजस्व मामलों एवं उपभोक्ता मामलों सहित स्थाई लोक अदालत के लंबित प्रकरणों का निस्तारण अदालत में किया जायेगा।

# महिलाओं के प्रस्ताव पर दो करोड़ के कार्य मंजूर

- महिलाओं के प्रस्ताव पर कई गांवों में सामुदायिक भवन, अस्पताल और जलहौद की अनुशंसा

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने अपना वादा निभाते हुए शुक्रवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं के प्रस्तावों पर विधायक निधि से दो करोड़ रूपये के कार्यों की अनुशंसा की।

दरअसल खाद्य मंत्री गोदारा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 22 को आयोजित सभा से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में सघन बैठकें और जनसंपर्क करते हुए अधिक से अधिक लोगों से सभा में आने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने वादा किया कि जिन गांवों से महिलाओं की संख्या अधिक आयेगी, उन गांवों में महिलाओं के प्रस्ताव के आधार पर संबंधित गांव में 11-11 लाख रूपए के कार्यों की अभिशंसा विधायक निधि से की जायेगी। अपना वादा निभाते हुए खाद्य मंत्री ने शुक्रवार को अपने आवास पर महिलाओं के साथ संवाद किया।

गोदारा ने जनसभा में बड़ी संख्या में आने के लिए महिलाओं का आभार जताया और कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार इस दिशा में सतत कार्य कर रही है। उन्होंने महिलाओं से जनसभा का फीडबैक लिया तथा महिलाओं के प्रस्ताव के आधार पर विभिन्न गांवों में सामुदायिक भवन, अस्पताल और जलहौद सहित विकास कार्य विधायक निधि से करवाने की अनुशंसा की।ः इस निर्णय से महिलाओं के चेहरे पर चमक दिखाई दी।

# कार ने बाइक को टक्कर मारी, दो की मौत

- सड़क किनारे बाइक खड़ी कर रूके थे, भामटसर से पारवा जाते समय हुआ हादसा

**नोखा,** (कासं)। नोखा में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। हादसा गंगाराम पेट्रोल पंप के पास रात में हुआ।

पुलिस ने बताया कि पारवा निवासी हरिशचंद्र बिश्नोई ने नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उनका भाई रामवर्धन और मालूराम बाइक से भामटसर से पारवा आ रहे थे। गंगाराम पेट्रोल पंप के पास वे सड़क किनारे बाइक खड़ी कर रूक गए। इसी दौरान बीकानेर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

गंभीर रूप से घायल दोनों को पीबीएम अस्पताल बीकानेर ले जाया गया। रामवर्धन की रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं मालूराम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों के शव पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखे गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

वहीं हनुमानगढ़ में एक टेम्पो ड्राइवर द्वारा धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जावेद अली नाम के टेम्पो ड्राइवर ने अपने साथी नीटू सिंह से घरेलू जरूरतों का हवाला देकर एक लाख रूपए उधार लिए। जावेद ने वादा किया था कि वह 11 दिसंबर 2023 तक पैसे लौटा देगा। समय बीतने के बाद भी पैसे नहीं लौटाए गए। शारदा देवी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## रालोपा की युवा हुंकार रैली की तैयारी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) ने जयपुर में होने वाली युवा हुंकार रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

हनुमानगढ़ में शुक्रवार को पूर्व जिला संयोजक महेन्द्र कड़वा की अध्यक्षता में हुई बैठक में रैली की रणनीति बनाई गई। हनुमानगढ़ से 1000 से अधिक पार्टी कार्यकर्ता और युवा समर्थक 50 से अधिक गाड़ियों के काफिले में 24 मई की रात को जयपुर के लिए रवाना होंगे। रैली 25 मई 2025 को आवासन मंडल मैदान, वीटी रोड, शिप्रा पथ थाना के सामने मानसरोवर, जयपुर में आयोजित की जायेगी। रैली का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के हितों की रक्षा, एसआई भर्ती रद्द करने और आरपीएससी के पुनर्गठन की मांग को लेकर है। महेन्द्र कड़वा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं की आवाज को अनसुना कर रही है। भर्तियों में गड़बड़ी के कारण युवा हताश है।

# गंगनहर में पानी की मात्रा बढ़ने से किसानों को राहत

- नहर में चल रहा 1750 क्यूसेक पानी, किसानों ने चक्काजाम स्थगित किया
- किसानों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है। चेतावनी दी कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा
- बैठक में तय हुआ कि गंगनहर में तय हिस्से के अनुसार पानी की आपूर्ति की जायेगी

**श्रीगंगनागर,** (कासं)। जिले में गंगनहर में घटती पानी की आपूर्ति से नाराज किसानों के लिए राहत की खबर है। पिछले दिनों से नहर में हो रही कम पानी की आपूर्ति को लेकर जिलेभर के किसानों में गुस्सा था। जिसके बाद गंगनहर में अब पानी की मात्रा बढाई गई है। इससे किसानों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

कल दिनभर पानी की आवक में उतार-चढ़ाव रहा। दोपहर तक खखां हैड पर पानी घटकर 1400 क्यूसेक रह गया था। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। शाम तक जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने पंजाब के अधिकारियों से बात की। इसके बाद पानी की आवक बढ़कर 1718 क्यूसेक हो गई। इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा के शिष्टमंडल ने जिला कलेक्टर, जल संसाधन विभाग और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।

बैठक में तय हुआ कि गंगनहर में तय हिस्से के अनुसार पानी की आपूर्ति की जायेगी। पंजाब और राजस्थान में नहरों से पानी चोरी रोकी जायेगी। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं पर विशेष बैठक होगी। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मुआवजा दिलाया जायेगा। इन सहमतियों के बाद संयुक्त किसान मोर्चा ने आज होने वाला चक्का जाम स्थगित कर दिया।

यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक नेशनल हाईवे पर प्रस्तावित था। किसानों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है। चेतावनी दी कि तय समय में समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जायेगा। किसानों ने कहा कि खेतों के लिए पूरी मात्रा में पानी और बीमा योजना का लाभ नहीं मिला तो वे मजबूती से संघर्ष करेंगे।

## नशीले कैप्सूल सहित दबोचा

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने शुक्रवार को नशे की रोकथाम अभियान के तहत वार्ड नंबर 35 से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से नशीली दवाएं और बिक्री से प्राप्त 1800 रूपए बरामद किए। थाना प्रभारी ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि गश्त टीम ने वार्ड नंबर 35 के रहने वाले कालूराम भार्गव और वार्ड नंबर 8 निवासी भंवरलाल नायक को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों से 200 प्रेगाबलीन कैप्सूल और 20 टेम्पडोल की नशीली गोलियां जब्त की।


**कार्यालय नगरपालिका मंडल सूरतगढ़**
**जिला श्रीगंगानगर ( राज. )**
क्रमांक/भूमि/भूउप/2025-26/489-91
दिनांक:21.5.2025

**आपत्ति सूचना**

हर आम व खास एवं हितबद्ध रखने वाले हर शख्स को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री घोकल राम जाति बिश्नोई निवासी वार्ड नंबर 27 सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर में आवासीय कस्बा सूरतगढ़ के खसरा नंबर 355/6/1 का भाग 1.119 हैक्टेयर में से कुल 557.62 वर्गमीटर सूरतगढ़ में स्थित का भू-उपयोग परिवर्तन समुदायिक सुविधा हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। मास्टर प्लान-2023 में आवेदित भूमि महाविद्यालय व खुले मैदान हेतु आरक्षित है। अत: उक्त स्थल का सामुदायिक सुविधा प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह शख्स अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर पालिका कार्यालय में निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने पर कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

( पूजा शर्मा ) अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सूरतगढ़


# पॉलिथीन से मानव व पशुओं के जीवन को खतरा, इसे रोकना जरूरी : मनोज दीक्षित

- लोगों को घर- घर कपड़े से तैयार थैलों का निःशुल्क वितरण करना अभियान में शामिल है

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने पॉलिथीन की रोकथात एवं प्रदूषण मुक्त बीकाणा पोस्टर का विमोचन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। मानव चेतना जागृति प्रन्यास द्वारा पॉलिथीन की रोकथाम एवं प्रदूषण मुक्त शहर जन-जागरूकता अभियान पोस्टर का विमोचन महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

कुलपति ने अपने जीवन और शोध की गहरी दृष्टि से सभी सदस्यों को मार्गदर्शन दिया कि कैसे इस अभियान को आचरण में लाया जाए। प्लास्टिक एवं पॉलिथीन मानव व पशुओं के जीवन का खतरा बन रहा है इसे रोकना जरूरी है। एक बार उपयोग में लिए जाने वाले प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। जागृति प्रन्यास के मुखिया पंडित राजेन्द्र जोशी गौवंश को प्लास्टिक पॉलिथीन से मुक्त करने एवं पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में लगे हुए है। जोशी ने बीकानेर के आमजन से अपील की है कि गौवंश को बचाना है तो पॉलिथीन मुक्त बीकाणा बनना है। गौवंश खासकर नन्दी (सांड ) बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा तथा लोगों को घर- घर कपड़े से तैयार थैलों का नि:शुल्क वितरण करना अभियान में शामिल है। सभी धर्मों के मुखियाओं को इस अभियान से जोड़कर जानलेवा पॉलिथीन का बहिष्कार कर शहर को मुक्त कराने का प्रयास किया जायेगा।

आचार्य राजेन्द्र जोशी ने कहा कि नंदी कभी आवारा नहीं होता है। बीकानेर में पॉलिथीन गौवंश को अपने आगोश में ले रहा है। जिससे आये दिन असंख्य गौवंश की मौतें हो रही है। साथ ही पर्यावरण के लिए भी घातक है। वीणा नृत्य अकादमी की कत्थक नृत्यांगना गुरू वीणा जोशी ने पॉलिथीन के बढ़ते उपयोग पर चिन्ता जताई।

## पुलिसकर्मी ने युवक को पीटा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। डबलीराठान पुलिस चौकी के एक कर्मचारी और पुलिसकर्मी पर युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना के अनुसार लवप्रीत सिंह अपने चचेरे भाई लखविंद्र सिंह के साथ डबलीराठान रेलवे स्टेशन की तरफ घूमने गया था। हनुमान मंदिर के पास पुलिस चौकी में काम करने वाला नंदलाल मिला। नशे में धुत नंदलाल ने बिना किसी कारण लवप्रीत को धक्का देकर थप्पड़ मारा। विरोध करने पर नंदलाल वहां से चला गया। कुछ देर बाद वह एक पुलिसकर्मी के साथ डंडे लेकर लौटा। दोनों ने लवप्रीत की पिटाई कर दी। लखविंद्र ने बीच-बचाव की कोशिश की। घायल लवप्रीत के पिता सतपाल सिंह ने बेटे को डबलीराठान के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार को सौंप दी है।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**
क्रमांक :- LU2012/SGN/2025-26/101379 **लोक सूचना** दिनांक : 23.5.2025

श्री भारत गर्ग पुत्र श्री वेद प्रकाश निवासी 85 जी ब्लॉक, थरेजा हॉस्पीटल के पास, श्रीगंगानगर एवं श्री मदन लाल पुत्र श्री सुरजा राम निवासी 60 वार्ड नं. 38, 66 फीट मार्ग, राणा प्रताप कॉलोनी, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 1 एफ छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री भारत गर्ग पुत्र श्री वेद प्रकाश एवं श्री मदन लाल पुत्र श्री सुरजा राम | चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 31 के किला नं. 16 में 0.2280 है. में से 0.1140 है. किला नं. 17 में 0.253 है. में से 0.1265 है. किला नं. 18 में 0.253 है. में से 0.1265 है. किला नं. 19 में 0.2530 है. में से 0.1265 है. किला नं. 20 में 0.2530 है. में से 0.1226 है. किला नं. 21 में 0.2530 है. में से 0.2453 है. किला नं. 22, 23 व 24 प्रत्येक में 0.2530 है. किला नं. 25 में 0.2280 है., यथाकुल 1.8484 हैक्टे. | कुल 1.8484 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 23.5.2025 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर



**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4008 दिनांक : 21/05/2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जसविन्द्र सिंह कंग पुत्र श्री जसमेर सिंह कंग निवासी चक 6 जी फर्स्ट, पोस्ट ऑफिस चक 6 जी सैकिण्ड, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 17 किला नं. 5, 6 भूखण्ड संख्या ओ-26 माप 30 इन्टू 60 फीट सिद्धि-सिद्धि इन्कलेव-2 श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 11 दिनांक 03.04.2012 को श्री विशाल असीन पुत्र श्री चन्द्रमोहन असीन एवं श्री शरद अग्रवाल पुत्र श्री महेश चन्द अग्रवाल के नाम मे जारी किया हुआ है। | श्री जसविन्द्र सिंह कंग द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 16.04.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का ऑनलाईन नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री जसविन्द्र सिंह कंग पुत्र श्री जसमेर सिंह कंग निवासी चक 6 जी फर्स्ट, पोस्